# सतर्कता ही ठगी से बचाव का उत्तम साधन

## पुलिस लाइन सभागार में साइबर जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए शुक्रवार को पुलिस लाइन के लवकुश सभागार में साइबर जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम अश्विनी कुमार पांडेय व एसपी राहुल भाटी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान लोगों को साइबर ठगी से बचने के तरीके बताए गए।

कार्यक्रम के दौरान गोरखपुर जोन के एडीजी अशोक मुथा जैन ने वर्चुअल माध्यम से लोगों को जागरूक किया। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. रक्षित टंडन ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में साइबर ठगी तेजी से बढ़ रही है, ऐसे में हर नागरिक को सतर्क रहना जरूरी है।



पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यशाला में मौजूद अधिकारी।- स्रोत: विभाग

उन्होंने कहा कि यूपी कॉप एप और संचार साथी एप साइबर अपराध की रोकथाम और शिकायत दर्ज कराने में अत्यंत उपयोगी हैं। मोबाइल फोन पर अगर गाड़ी चालान या अन्य किसी काम के लिए एपीके फाइल डाउनलोड करने का एसएमएस आए, तो उसे डाउनलोड न करें। डाउनलोड करने से मोबाइल का डाटा और एकाउंट से रुपये नदारद हो सकते हैं।

डीएम ने कहा कि सतर्कती ही हमें साइबर ठगी से बचा सकती है। हमें अपने साथ-साथ अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी जागरूक करते रहना चाहिए। एसपी राहुल भाटी ने कहा कि तकनीक का उपयोग करें, लेकिन सतर्कता के साथ। इस मौके पर एडीएम अमरेंद्र कुमार वर्मा, एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# दबोचे गए मंदबुद्धि किशोरी संग दुष्कर्म के आरोपित

संसू, जागरण • इकौना : एक गांव की मंदबुद्धि किशोरी संग दुष्कर्म के दो आरोपितों को पुलिस ने दबोच लिया। आरोपितों को न्यायालय के माध्यम से जेल भेजा गया है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी श्याम लाल कोरी उर्फ नचनिया व संतोष मिश्रा ने मंदबुद्धि किशोरी के साथ पांच माह पूर्व दुष्कर्म किया था। किशोरी के पेट में दर्द होने पर एक दिसंबर को उसका अल्ट्रासाउंड कराया गया। इसमें उसके गर्भवती होने की पुष्टि हुई। पीड़ित परिवार की तहरीर पर चार दिसंबर को इकौना थाने में मामला दर्ज हुआ। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।